

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच समन्वय के साथ होगा चित्रकूट का दीपावली मेला

## राज्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र और उप्र के प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वय बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 26 सितंबर. चित्रकूट में आगामी दीपावली मेला 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित होगा।**

अमावस्या मेला के दौरान चित्रकूट में देश-देशांतर से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में शुक्रवार को चित्रकूट के आरोग्य धाम के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मेले की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उत्तरप्रदेश के चित्रकूट जिला और सतना जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की समन्वय के साथ अधिकारियों को जिम्मेदारी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चित्रकूट अमावस्या मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि चित्रकूट के दीपावली मेला में अत्यधिक संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के चित्रकूट धाम और सतना जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय के साथ पुख्ता प्रबंध किये जाये। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट के दीपावली मेला के व्यापक प्रबंधन को देखते हुए नगर पंचायत चित्रकूट को राज्य शासन से मिलने वाली चूंगी क्षतिपूर्ति की राशि दिलाये जाने के प्रयास किये जायेंगे। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मेले के दौरान प्लास्टिक तथा पन्नी, थर्मोकॉल से बनी चीजों का उपयोग हतोत्साहित करे और स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन दिया जाये। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों को आने-जाने की सुविधा और उनके पास जारी करने की भी व्यवस्था की जाये।

आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि दीपावली मेले की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा तथा सुरक्षा के लिए सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश के चित्रकूट धाम और सतना जिले के मेले में जिम्मेदारी संभाल रहे सभी अधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में रहकर टीम के रूप में कार्य करते हुए मेले का सफल संचालन करे। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि बैठक में जितने भी बिंदु आये है सभी में उ.प्र. और म.प्र. के मेला प्रक्षेत्र में दोनों जिलों की टीम से समन्वय स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं की सुगम व्यवस्था की जायेगी। कलेक्टर चित्रकूट शिवशरण अप्पा ने कहा कि उत्तरप्रदेश में आने वाले मेला प्रक्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। सफाई व्यवस्था और गौवंशीय पशुओं का प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर पालिका अध्यक्ष साधना पटेल, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर चित्रकूट शिवशरण अप्पा, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पद्मश्री डॉ. बीके जैन, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, बसंत पंडित, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल धुर्वे, एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी बीआर सिंह, एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे, सीएमओ अंकित सोनी, सीईओ जनपद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### समन्वय पर अधिकारियों का जोर

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह ने कहा कि दोनों ओर से बनने वाले कंट्रोल रूम में एक-एक सुविज्ञ अधिकारी या कर्मचारी की तैनाती की जाये ताकि आवश्यकता पडने पर समन्वय और संपर्क किया जा सके। एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने दीपावली मेला प्रबंधन की पूरी व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा सुविधाओं के लिए किये जाने वाले प्रबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट के सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को कुल 10 जोन में बांटा गया है। इनमें 142 एकड भूमि पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मेले में लगभग 30 से 35 लाख लोगों के आने की संभावना के मद्देनजर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

# कुएं में उतराता मिला नवविवाहिता का शव

## मायके पक्ष ने ससुराल पर लगाया दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 सितम्बर. मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के जुड़मानी गांव में 21 वर्षीय नव विवाहिता का शव कुएं से बरामद हुआ। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान प्रिया प्रजापति के रूप में हुई, जिसका मायका अमरपाटन थाना क्षेत्र के अहिरगांव में है। प्रिया का विवाह 13 दिसंबर 2024 को जुड़मानी गांव निवासी बाबूलाल से हुआ था। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति बाबूलाल और ससुर बिहारीलाल प्रजापति दहेज के लिए उसे परेशान कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, विवाह के समय प्रिया के पिता ने सोने-चांदी के जेवर, एक गाड़ी और अन्य सामान दहेज में दिया था। इसके बावजूद, ससुराल वाले एक चार पहिया गाड़ी की मांग कर रहे थे।

**नशे का आदी है पति**-मायके पक्ष ने यह भी बताया कि प्रिया का पति बाबूलाल शराब पीने का आदी था और अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। प्रिया ने इन सब बातों की जानकारी अपने मायके वालों को दी थी, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि वे उसकी जान ले लेंगे।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फिलहाल हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। इस मामले की जांच अब एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसके बाद ही सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

# करही बायपास रोड में डकैती की योजना बनाते 3 आरोपी गिरफ्तार

- कट्टा कारतूस सहित अन्य हथियार बरामद, पिकअप जब्त

नवभारत न्यूज

**सतना 26 सितंबर. डकैती की योजना बना रहे 3 आरोपियों को जब पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबोचा तो उनके कब्जे से कट्टा कारसूत सहित बका और रॉड जैसे हथियार बरामद हुए. जिसे देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के साथ ही उनका पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया गया.**



सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि करही बाइपास रोड पर कुछ लोग हथियारों के साथ संदिग्ध तौर पर पिकअप वाहन में बैठे हुए हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए फौरन ही पुलिस टीम गठित कर रवाना कर दिया गया. पुलिस टीम ने चुपचाप घेराबंदी करते हुए संदिग्धों के निकट पहुंच गई पिकअप में बठे संदिग्ध डकैती डालने की योजना पर बात कर रहे थे. लिहाजा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तीनों को दबोच लिया. पूछताछ किए जाने पर तीनों की पहचान चंद्रभान कुशवाहा 28 वर्ष निवासी पन्ना नाका उमरी, रवि यादव 27 वर्ष निवासी उमरी बंजरहा टोला और राकेश यादव 27 वर्ष निवासी सोनवर्षा धारकुण्डी के तौर पर हुई. इसी कड़ी ममें पुलिस द्वारा जब तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास से एक लोहे का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक लोहे का बका और एक लोहे की रॉड पाई गई. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया. इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया.

### पीसी एण्ड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना 26 सितंबर.** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक पीसी एण्ड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बैठक में सभी संबंधित सदस्यों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# नाबालिग के अपहरण दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 सितम्बर. मैहर जिले की रामनगर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।**



मामला 7 अगस्त 2025 को रामनगर थाना क्षेत्र का है। एक फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान नाबालिग लड़की को सरंक्षण में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि शहडोल निवासी सुखसेन कोल (21) उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। पीड़िता के नाबालिग होने के कारण प्रकरण में बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराएं जोड़ी गईं।



# आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान पर जिला कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती अवसर पर आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान पर केंद्रित जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया।**

मुख्य वक्ता महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का विचार तब प्रस्तुत किया, जब देश कांग्रेस की विचारधारा में जकड़ा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके इस विचार को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कोई भी वस्तु खरीदने से पहले यह जरूर सोचें कि वह स्वदेशी है या विदेशी। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर हम पं. दीनदयाल जी के आदर्शों और प्रधानमंत्री मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की डबल इंजन सरकार दीनदयाल जी के जीवन दर्शन अंत्योदय और एकात्म मानववाद को धरातल पर उतार रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी किसानों और गरीबों के सच्चे मसीहा हैं, जिन्होंने गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने गरीबों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को पक्के मकान, शुद्ध पानी, बिजली और मुफ्त अनाज जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों से लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मंच पर मध्य प्रदेश शासन कि मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय जिला संगठन प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव, महापौर योगेश ताम्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी, चन्द्रकमल त्रिपाठी, जिला महामंत्री रमाकांत गौतम, जिला मंत्री संजीव दुबेदी, कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता और देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। संचालन कार्तिकेय दुबेदी ने किया।

# केन्द्रीय जेल में 367 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना 26 सितंबर. सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत केंद्रीय जेल सतना में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. जिसमें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा जेल में निरुद्ध कुल 367 बंदियों की जांच की गई.**

अधीक्षक केंद्रीय जेल सतना श्रीमती लीना कोष्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक जारी सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को केंद्रीय जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और जिला चिकित्सालय के डेढ़ दर्जन से अधिक चिकित्सक व सपोर्ट स्टॉफ द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया. बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाली टीम में डॉ. शैलेंद्र स्वर्णकार मेडिसिन, डॉ. यसश मिश्रा मेडिसिन, डॉ. अभिषेक सिंह अस्थि रोग, डॉ. ज्योति सिंह स्त्री रोग, डॉ. धीरेंद्र मिश्रा मानसिक रोग, डॉ. अमित साहू दंत रोग, डॉ. स्नेहा ईएनटी, संजय पाण्डेय एलटी, दीपक एल ए, पुष्पेंद्र दाहिया, जे पी शुक्ला, धीरेंद्र वर्मा पीसी समग्र, डॉ. संदीप कुमार तिवारी फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. अंजली सिंह गहलोत नेत्र, आनंद राय, डॉ. अंशुमान शर्मा एम ओ और बी एस मिश्रा सम्मिलित रहे. केंद्रीय जेल में निरुद्ध 68 बंदी अस्थि रोग से संबंधित पाए गए. जिनमें 60 पुरुष व 8 महिला बंदी शामिल रहीं. इसी कड़ी में कुल सर्वाधिक 128 बंदियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 11 महिला व 117 पुरुष शामिल रहे.



नाक कान गला रोग से संबंधित 37 बंदी पाए गए जिनमें 31 पुरुष व 6 महिला शामिल रहीं. स्त्री रोग चिकित्सक द्वारा 9 महिला बंदियों की जांच की गई. वहीं दंत रोग से संबंधित 25 पुरुष व 4 महिलाओं की जांच की गई. मेडिसिन के 81 बंदियों की जांच हुई जिसमें 62 पुरुष व 19 महिला शामिल रहीं. इसके अलावा मानसिक रोग के मामले में कुल 15 महिलाओं की जांच की गई.

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 सितम्बर. जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री चयन परीक्षा (स्श्वस्ज्ञ) 2026- कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर 2025 तक बढ़ाई गई**

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने कक्षा 9वीं व 11वीं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (स्श्वस्ज्ञ) 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 07 अक्टूबर 2025 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। समिति ने यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रशासनिक कारणों से लिया है, ताकि पूरे देश से अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राएँ इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकें और उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश पाने का सुनहरा अवसर मिल सके।



# एकेएस और जिंदल पावर कोल माइंस की सुरक्षा तकनीकि पर रिपोर्ट प्रस्तुत

नवभारत न्यूज

**सतना, 25 सितंबर ए.के.एस. विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित बिजली और कोयला खनन कंपनी जिंदल पावर के साथ अपनी तकनीकी एवं अनुसंधान आधारित सहभागिता को और मजबूत किया है। विश्वविद्यालय के खनन अभियांत्रिकी विभाग ने हाल ही में तैयार सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट जिंदल पावर के निदेशक ओम प्रकाश को भेंट की।**

इस रिपोर्ट में विशेष रूप से ब्लास्टिंग और खनन कार्यों से जुड़ी सुरक्षा मानकों का समग्र विश्लेषण किया गया है। विश्वविद्यालय की टीम ने कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल, उपकरणों की स्थिति और कर्मचारियों के प्रशिक्षण स्तर की विस्तृत जाँच की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. मिश्रा और संबंधित विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे इस पहल का उद्देश्य खनन उद्योग में सुरक्षा मानकों को उच्चतम स्तर पर बनाए रखना और नवीनतम तकनीकी समाधान अपनाकर दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करना है। जिंदल पावर और ए.के.एस. विश्वविद्यालय की यह सहभागिता न केवल तकनीकी ज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में नए आयाम खोलेगी, बल्कि भविष्य में भारतीय खनन उद्योग के लिए एक आदर्श उदाहरण के रूप में भी काम करेगी विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के सहयोग से उद्योग में सुरक्षा और दक्षता के मानक बढ़ेंगे और युवा अभियंता वास्तविक प्रायोगिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह पहल विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच ज्ञान और नवाचार के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करेगी ए.के.एस. विश्वविद्यालय और जिंदल पावर के इस सहयोग को पूरे देश में खनन और ऊर्जा क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण माना जा रहा है।

# कल मनाई जाएगी पूर्व सांसद स्व.रामानंद सिंह की 7वीं पुण्यतिथि

## गोष्ठी और व्याख्यान माला का किया जाएगा आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 26 सितम्बर. आगामी 28 सितंबर को पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद स्वर्गीय रामानंद सिंह की 7वीं पुण्यतिथि और संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में किया जाएगा।**



इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए मंगलवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई और सफल आयोजन की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में जिले के गणमान्य नागरिकों ने अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी कैसे हो, स्वागत व्यवस्था, मंच संचालन, संगोष्ठी में हर वर्ग हर सामाज के लोगों की भागीदारी हो इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। यह आयोजन रामानंद ड्ढसह फैंस क्लब एवं समस्त शुभड्ढचतकों द्वारा किया जा रहा है स्वर्गीय रामानंद सिंह की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी और व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और साहित्यिक विचारों पर चर्चा होगी। जिससे लोगों को उनके विचारों से प्रेरणा मिल सके।

समीक्षा बैठक में डॉ. दुर्योधन सिंह, विक्रम सिंह विसेन, ज्ञानेन्द्र सिंह, सूरजभान सिंह, मान सिंह, सुग्रीव सिंह, रामसेन सिंह, प्रमोद सुन्दरलाल सिंह, महेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, कमलेन्द्र सिंह, रामकिसोर सिंह, भानु प्रताप सिंह, कमलनयन सिंह, यशवंत सिंह, अनूप सिंह, संतोष कुमार सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, जय सिंह, राजधर सिंह, विक्रम सिंह, रामकुमार सिंह, सुनील सिंह, अभिमन्यु सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

## एक नजर में



### लवडेल के छात्रों ने केमिकल फैक्ट्री का भ्रमण किया

**सतना।** गत दिवस लवडेल स्कूल के कक्षा 12वीं कॉमर्स के विद्यार्थियों ने भारत केमिकल फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण किया इस अवसर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें विभिन्न उत्पादन की प्रक्रिया, सुरक्षा मानक, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी। छात्रों ने प्रयोगशाला तथा उत्पादन इकाई का अवलोकन किया और इसके सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में समझा। इस अवसर पर छात्रों ने अपने प्रश्न भी पूछे जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

### शिक्षकों की बैठक कल

**सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की 28 सितम्बर को जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाना है. यह बैठक पुराने डीपीसी कार्यालय के सामने सिविल लाइन सतना समय 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगी.

### श्रीमद् भागवत कथा में भीष्म पितामह चरित्र का वर्णन

**सतना।** पुन: निर्मित बाबा मेहरशाह दरबार साहिब जी के उद्घाटन समारोह में महंत पुरुषोत्तम दास जी महराज के सानिध्य में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन दिंनाक 22 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जा रहा है जिसमे आज भीष्म पितामह का चरित्र बताया गया एवं कुंती के द्वारा भगवान किया स्तुति हुई कपिल चरित्र भी श्रवण कराया गया भारी संख्या में भक्त कथा का आनंद प्राप्त कर रहें हैं कथा का समय शाम 5 बजे से 8 बजे तक । वहीं आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले उद्घाटन समारोह की तैयारियां शहर की व्यापारियों की संस्थाओं के साथ जोरों शोरों से चल रही है।





### गरबे की आराध्य अम्बे माता ही शक्ति पुंज : रोहन

**सतना.** गुजराती समाज के गरबा महोत्सव में चौथे दिन सुबह 9 बजे मोहनीश ठक्कर परिवार ने पूजन अर्चन किया। रात 9 बजे अम्बे मात की जय आद्या शक्ति की आरती विंध्य चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री संदीप कुमार जैन के दामाद यश मेहता चेन्नई और बेटी साक्षी ने सतना के एक नंबर गरबा में आरती की। आज ढोल के साथ गरबा गायक डॉक्टर आशय द्विवेदी ने पहला गरबा अमे महियारा रे गोकुल गाम ना के साथ पूरा गरबा स्थल झूम उठा।

CMYK